# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 02 चैत्र, 1939 (श0) / 23 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 79**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 10 |
| (2) | नगर विकास विभाग | .. | .. | 27 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) | कृषि विभाग | .. | .. | 11 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 10 |
| (7) | सहकारिता विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग — | 79 |

## दवा की खरीद

'क'-*1793. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के दो दर्जन जिले यथा पटना, बक्सर, भोजपुर, गया, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, वैशाली, पूर्णियाँ, सीवान, गोपालगंज में पशुओं के इलाज के लिये दवा की खरीद नहीं की गयी है, जबकि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

## स्ट्रीट लाइट लगाना

'ख'-*1918. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के हनुमान मंदिर से चाँदपुरा पुल तक सड़क किनारे रोशनी हेतु सभी बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं है जबकि उक्त स्थान तक के सड़क किनारे प्रखंड कार्यालय, थाना, हॉस्पीटल, पावर ग्रिड सब-स्टेशन, बी0एस0एन0एल0 ऑफिस, उच्च विद्यालय एवं पातेपुर बाजार, हाट अवस्थित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## औचित्य बतलाना

'ग'-*1942. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के नीति आयोग द्वारा विगत वर्ष राज्य के बाजारों को ई-मार्केटिंग से जोड़ने के लिये सभी राज्य सरकार को दो-दो पत्र भेजे गये हैं तथा प्रति बाजार 30 लाख रु0 देने का आश्वासन दिया है परन्तु सरकार द्वारा राज्य में स्थित बाजारों को ई-मार्केटिंग से जोड़ने के लिये अभीतक न तो कोई कानून बनाया है और न ही कोई व्यवस्था बनायी है, यदि हाँ, तो राज्य के बाजारों को देश के अन्य बाजारों से जोड़ने हेतु केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को सरकार द्वारा कार्यान्वित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

--------

## पदस्थापित करना

*2359. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड के प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, सोनैली तथा प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कुम्हड़ी में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी का एक-एक स्वीकृत पद विगत तीन माह से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक को कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 16 मार्च, 2017 को सदन द्वारा स्थगित ।

'ख'-सदन द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2017 को नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित ।

'ग'-सदन द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2017 को कृषि विभाग में स्थानांतरित ।

तेल का उठाव

*2360. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पी0डी0एस0 के दूकानदारों को नजदीक के तेल डिपो से तेल उठाव के प्रावधान के बावजूद जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन प्रखंड के दूकानदारों को 15 कि0मी0 दूर चकिया प्रखंड के तेल डिपो से तेल उठाने का आदेश दिया जाता है जिससे काफी खर्च बढ़ जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने एवं मधुबन प्रखंड के दूकानदारों को मधुबन में स्थित डिपो से तेल दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की नाली का निर्माण

*2361. श्री (डॉ0) सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय, बिहारशरीफ के वार्ड नं0 6 आशानगर में पंडित टोला तालाब के बगल से ताराचन्द प्रसाद के मकान तक नाला एवं पी0सी0सी0 ढलाई सड़क नहीं बने होने के कारण सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि नाले के पानी से डूबा रहता है जिससे पंडित टोला, आशानगर एवं तालाब पर मुहल्ला के बीच आवागमन अवरूद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पक्का नाले का निर्माण एवं पी0सी0सी0 ढलाई कर दो महल्लों को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिकार माही सुनिश्चित करना

*2362. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के ज्ञापांक 918, दिनांक 17 जुलाई, 1995 द्वारा सहरसा जिला के महिषी अंचल अन्तर्गत धेमरा नदी (गोरहो जलकर) को निःशुल्क शिकार माही हेतु अधिसूचित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलकर में महिषी अंचल अन्तर्गत गोरहो टोला (सतरवार) के मछुआरों को कहरा प्रखंड के लोगों द्वारा अनुमंडल पदा0, सहरसा के लिखित निदेश के बावजूद रोका जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मछुआरों के शिकार माही सुनिश्चित करने का विचार रखती है ?

--------

शॉपिंग मॉल बनाना

*2363. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मछुआ टोली, बकरी बाजार, न्यू मार्केट सहित अन्य स्थानों पर नगर निगम के खाली पड़े भू-खंडों में मॉल बनाने का निर्णय एक वर्ष पूर्व हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल के पूर्वी तथ पश्चिमी छोर पर नगर निगम का एक-एक बड़ा भू-भाग खाली है, यदि हाँ, तो वहाँ शॉपिंग मॉल बनाने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

बस पड़ाव बनाना

*2364. श्री लालबाबू राम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा प्रखण्ड में सिजाबलपुर चौक एवं सबहा चौक पर बस पड़ाव का निर्माण नहीं होने से यातायात में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थान पर बस पड़ाव बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क एवं नाला निर्माण

*2365. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0 2 स्थित चकनूर पथ से भाया नइम लकड़ी वाले के घर होते हुये हाजी मो0 अंजार के घर तक सड़क व नाला का निर्माण अभीतक नहीं होने के कारण वहाँ के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बसावट में सड़क एवं नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशन उपलब्ध कराना

*2366. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड, सुरसंड प्रखण्ड एवं चेरौत प्रखण्ड के हजारों बी0 पी0 एल0 परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध होने के बावजूद सस्ते दर पर सरकारी खाद्यान से वंचित होना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के राशन कार्डधारी को कबतक राशन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2367. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम-विशनपुर में मिनी जलापूर्ति योजना के तहत एग्रीमेंट नं0 एफ0 2, 5 वर्ष 2015-16 मेसर्स विश्वा इंफास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा प्राक्कलित राशि 161.54025 लाख रुपये से अपूर्ण योजना को पूर्ण कर जून, 2016 तक जलापूर्ति प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जबकि अबतक जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कार्य में उदासीनता बरतने वाले जिम्मेवार पदाधिकारी पर कार्रवाई करने एवं जलापूर्ति कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुधार करना

*2368. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग राज्यभर में किसानों को अनुदानित दर पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को उपकरण चिन्हित दुकानों से ही लेना पड़ता है, जिसकी कीमत बाजार मूल्य से अधिक होती है, जिससे अनुदान का शत-प्रतिशत लाभ किसानों को नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों को अनुदान का पूरा लाभ दिलाने के लिये व्यवस्था में कबतक सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करना

*2369. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित पंचायत जजुआर में 20 वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु अभीतक उक्त जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जलमीनार से जलापूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनियमितता की जाँच

*2370. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नगर पंचायत, सिमरी बख्तियारपुर के नगर कार्यपालक पदाधिकारी ने बिना नगर पंचायत बोर्ड के प्रस्ताव के अपने बेटे के गाड़ी के नाम पर गाड़ी भाड़ा अक्टूबर, 2015 से सितम्बर, 2016 तक का दो लाख पचास हजार रुपये नगर पंचायत के खाता से निकाल लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 41 के प्रावधान के अनुसार नगर पंचायत, सिमरी बख्तियारपुर के बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 20 फरवरी, 2017 को नगर कार्यपालक पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर के कर्तव्यहीनता पर दो तिहाई पार्षदों ने उसे हटाने का प्रस्ताव पास किया है, यदि हाँ, तो वित्तीय अनयिमितता की जाँच और नगर कार्यपालक पदाधिकारी को पदमुक्त करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2371. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित आजमगढ़ पंचायत के ग्राम-आजमगढ़ में महादलित सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड निर्माण हेतु सरकारी जमीन खेसरा सं0 4105, खाता सं0 334, रकबा 12 डिसमील का विगत दो वर्षों से अंचलाधिकारी, डुमरा द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किये जाने से उक्त सामुदायिक-सह-वर्क शेड निर्माण कार्य अभीतक आरंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड निर्माण हेतु जमीन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के साथ विलम्ब करनेवाले संबंधित पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2372. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी प्रखण्ड में अबतक कैम्प लगाकर दाखिल-खारिज करने का कार्य नहीं किया गया है, जबकि राज्य के सभी जिलों और प्रखण्डों में समय-समय पर कैम्प लगाकर दाखिल-खारीज किया जाता रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2373. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद नगर परिषद् क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-2 धर्मशाला चौक भाया रामलखन सिंह यादव कॉलेज पथ एवं महाराजगंज रोड मवेशी अस्पताल से डॉ० रामाशीष सिंह के घर तक भाया अनुग्रह कन्या मध्य विद्यालय पथ काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

एन० ओ० सी० देना

*2374. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में केन्द्रीय विद्यालय के लिये जिला प्रशासन द्वारा जमीन चिह्नित कर विभाग को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, परन्तु भूमि का एन० ओ० सी० का मामला वर्ष 2015 से ही लम्बित पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार केन्द्रीय विद्यालय की भूमि का एन० ओ० सी० कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दुकान खोलना

*2375. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ी दयाल प्रखंड अन्तर्गत सुन्दरपट्टी ग्राम में पी० डी० एस० की दुकानदार का वर्ष 2010 में लाईसेंस रद्द कर दिया गया, परन्तु किसी दूसरे को अबतक लाईसेंस नहीं दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुन्दरपट्टी ग्रामवासियों को 5 कि० मी० दूर से राशन का उठाव करना पड़ता है, जिससे काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुन्दरपट्टी ग्राम में राशन दुकान खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

योजना का कार्यान्वयन

*2376. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में राज्य के किसानों के जमीन की जाँच कर उन्हें स्वायल हेल्थ कार्ड दो वर्ष में देने की योजना बनायी गयी थी, किन्तु चार वर्षों के बीतने के पश्चात् भी इस योजना को कार्यान्वित नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

------

चापाकल अधिष्ठापित करना

*2377. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित प्राथमिक/मध्य विद्यालयों में रनिंग वाटर उपलब्ध कराने हेतु 20 चापाकल अधिष्ठापित कराने की स्वीकृति वर्ष 2014-15 में सरकार से प्राप्त हुयी थी, जिसमें जून, 2016 तक केवल 10 अदद चापाकल अधिष्ठापित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार शेष 10 अदद चापाकल कबतक विद्यालयों में अधिष्ठापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार से जलापूर्ति

*2378. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी बाजार स्थित 10 वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त अभीतक जलापूर्ति नहीं किये जाने से स्थानीय लोगों को पेयजल की कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतकं उक्त जलमीनार से जलापूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चिकित्सक का पदस्थापन

*2379. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पशुपालन सेवा संवर्ग नियमावली एक वर्ष पूर्व बनाया गया है, जिसमें सामान्य और विशेषज्ञ संवर्ग बनाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक विशेषज्ञ संवर्ग के पशु चिकित्सकों का पदस्थापन वरीयता के अनुसार नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित बिन्दुओं पर विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

-------

वातावरण को स्वच्छ बनाना

*2380. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के लोहिया नगर कंकड़बाग के पंच शिव मंदिर साई मंदिर से सटे पश्चिम आवास बोर्ड का आठ कट्ठा जमीन पर झोपड़ी लगाकर अवैध रूप से कब्जा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अवैध कब्जे में एक चाय की दुकान है, जिसमें गांजा, सिगरेट और नशीली वस्तुओं का बड़े पैमाने पर कारोबार होता है तथा मंदिर आने-जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को अपमानित होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवास बोर्ड के अवैध कब्जे वाले जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये मंदिर परिसर के वातावरण को स्वच्छ बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*2381. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 एवं 2014-15 में स्प्रीन कलर सूक्ष्म सिंचाई योजना मेथा खरा की खेती, पान की खेती, नेट हाउस के तहत पान की खेती एवं तालाब उड़ाही पर मिलने वाले अनुदान की राशि किसानों को नहीं दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों वित्तीय वर्ष में जिला के किसानों के नाम पर तीन-तीन बार अनुदान राशि वितरित दिखाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सौंदर्यीकरण करना

*2382. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत के इसलामपुर प्रखंड के आत्मा पंचायत में प्राचीन काल से अवस्थित गढ़, शिवालय (चार दरवाजा वाला) तालाब है जो कि काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थल का कबतक जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का लाभ

*2383. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेरी प्रखंड के अटहर दक्षिणी पंचायत के अटही ग्राम के सिगराही टोला जो अत्यन्त गरीब टोला है, खाद्य सुरक्षा के अधिनियम, 2013-14 के सर्वे में छूट गया है, जिससे उक्त टोला खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उक्त सर्वे कराकर उक्त टोला के गरीबों को योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि खर्च नहीं करने का औचित्य

*2384. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में कृषि क्षेत्र में यांत्रिकरण के लिये सरकार ने किसानों को विभिन्न यंत्रों पर अनुदान देने के लिये 175 करोड़ रुपये का प्रावधान वित्तीय वर्ष 2016-17 में किया था, किन्तु वर्ष का मात्र दो महीना शेष रहने के बावजूद मात्र 7.5 करोड़ रुपये ही खर्च किया जा सका है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

--------

रोस्टर क्लियर करना

*2385. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के हर जिला के केन्द्रीय सहकारी बैंकों के चतुर्थ श्रेणी के रोस्टर का स्वीकृति नहीं मिलने के कारण नियुक्ति कार्य बाधित है एवं कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चतुर्थ श्रेणी का रोस्टर क्लियर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नगर परिषद का दर्जा

*2386. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला में सुपौल, वीरपुर, निर्मली तथा त्रिवेणीगंज चार अनुमंडल में सुपौल, वीरपुर एवं निर्मली नगर परिषद है, जबकि त्रिवेणीगंज के नगर परिषद की सभी अर्हताएँ पूरी करने के बाद भी नगर परिषद का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

सीढ़ी एवं शेड बनाना

*2387. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव श्मशान घाट पर सीढ़ी एवं शेड नहीं रहने के कारण शवदाह के लिये आये लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायत के श्मशान घाट पर कबतक सीढ़ी एवं शेड बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2388. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत घोघरडीहा स्थित ग्राम-डेवढ़ में कच्ची सड़क जो मदन चौधरी के घर से पश्चिमी कोसी बाँध तक जाती है; एवं जिसपर पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों का तटबंध तक आना-जाना बन्द हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क का निर्माण कबतक, करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2389. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा, बड़हरा, कोईलवर प्रखंडों में किसानों के बीच बीज का वितरण नहीं किया गया है एवं बीज का वितरण कागज में दिखाकर कर्मियों द्वारा गबन कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में हुई बीज वितरण की जाँच कराने एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*2390. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नौवतपुर एवं विक्रम प्रखंडों के कृषकों को वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 का डीजल अनुदान की राशि अभीतक भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रखंडों के कृषकों को कबतक डीजल अनुदान की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस स्टैण्ड का निर्माण

*2391. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा बस स्टैण्ड का निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व पूर्ण किया जा चुका है, परन्तु अबतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------------

राशन कार्ड बनाना

*2392. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज, ग्वासपाड़ा, बिहारीगंज एवं उदाकिशुनगंज प्रखण्ड के हजारों बी0 पी0 एल0 परिवारों के नाम राशन कार्ड नहीं बनने से सस्ते दर पर उपलब्ध सरकारी खाद्यान्न से वे वंचित हो रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित प्रखण्डों बी0 पी0 एल0 परिवारों को चिह्नित कर राशन कार्ड कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलापूर्ति करना

*2393. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर शहर स्थित जलमीनार का निर्माण कार्य 20 वर्ष पूर्व पूर्ण किये जाने के उपरान्त अभीतक जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनार से जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुदान देना

*2394. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मोहनपुर मरंगी ग्राम पंचायत के किसानों की करीब 100 एकड़ भूमि में लगी फसल वर्ष 2016 की बाढ़ में डूब गई थी, लेकिन पदाधिकारियों द्वारा क्षतिपूर्ति संबंधी प्रतिवेदन समर्पित नहीं किये जाने के कारण उन किसानों को क्षतिपूर्ति अनुदान प्राप्त नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उन किसानों की फसल क्षति का सर्वेक्षण कराकर अनुदान प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डिपो खोलना

*2395. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चार अनुमंडल बलिया, बेगूसराय, मझौल एवं तेघड़ा में पूर्व से ही तेल डिपो मौजूद है, लेकिन बखरी अनुमंडल में तेल डिपो नहीं होने के कारण तेल विक्रेता मझौल अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेल डिपो से किरासन तेल का उठाव करते हैं, जिससे बखरी अनुमंडल के विक्रेताओं को तेल लाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बखरी अनुमंडल में किरासन तेल डिपो खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र खोलना

*2396. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखण्ड में कृषि उद्यान केन्द्र नहीं रहने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रखण्ड में कबतक कृषि उद्यान केन्द्र खोलने का विचार रखता है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तालाब का जीर्णोद्धार

*2397. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र में 72 तालाब हैं, जिसमें 10 तालाबों में मत्स्य पालन किया जाता है, बाकी तालाबों का अतिक्रमण कर तालाबों को भरा जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि डिसटेक तालाब (नगर थाना के पीछे) नवादा थाना के पीछे तालाब, गेंगघर तालाब नवादा गर्ल्स स्कूल के बगल में हमीदपुर छठिया तालाब, मोती टोला, निर्मलपुर तालाब महुली पंचायत में मत्स्य पालन अतिक्रमण की वजह से नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन तालाबों का जीर्णोद्धार कर मत्स्य पालन काराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

कार्रवाई करना

*2398. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भूमि विवाद निराकरण अधिनियम, 2009 की धारा 4(4) एवं धारा 4(5) को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित करते हुये रद्द कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संयुक्त निदेशक कृषि गणना के ज्ञापांक 1022-(8), दिनांक 2 सितम्बर, 2016 द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्ता को रैयती भूमि से सम्बन्धित विवादों पर कोई आदेश पारित करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि भूमि सुधार उप-समाहर्ता सदर, सहरसा ने डी0 बी0 नं0 (भूमि विवाद)-408-2 में सरकार के निर्देश के बाद भी आदेश पारित किया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भूमि उप-समाहर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

पाइप बिछाना

*2399. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के रजौन प्रखण्ड के रजौन बाजार के पूर्वी तरफ जलापूर्ति पाइप लाइन नहीं है, जिस कारण लगभग 5 हजार आबादी पेयजल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार रजौन बाजार की पूर्वी भाग में जलापूर्ति पाइप कबतक बिछाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवंटन नहीं करने का औचित्य

*2400. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने पत्रांक 518/अ0, दिनांक 30 जुलाई, 2014 द्वारा प्रधान सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को गोपालगंज जिला में कम्पनीवार किरासन तेल के मासिक उपावंटन में अधिकृत विक्रेताओं के संख्या बल के अनुपात में उपावंटन करने हेतु पत्र लिखा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने पत्रांक 600, दिनांक 1 सितम्बर, 2014 द्वारा प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को गोपालगंज जिला को कुल 16,00,148.00 ली0 अर्थात 133 टैंक लॉरी किरासन तेल का आवंटन करने हेतु पत्र लिखा था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक किरासन तेल के अधिकृत विक्रेताओं के संख्या बल के अनुसार किरासन तेल का उपावंटन नहीं करने का औचित्य क्या है ?

--------

प्रभार ग्रहण करना

*2401. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला प्रखंड लखनौर ग्राम-गंगापुर टोले भैलवा राधा कृष्ण मंदिर जो धार्मिक न्यास बोर्ड के अधीन है उसके महंथ को धार्मिक न्यास के द्वारा हटाकर अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर को बोर्ड के पत्रांक 2444, दिनांक 15 दिसम्बर, 2016 न्यासधारी नियुक्ति किया गया है, परन्तु अभीतक अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर ने न्यास का प्रभार नहीं लिया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर का प्रभार कबतक ग्रहण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खाद्यान्न उपलब्ध कराना

*2402. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2014 से राज्य में लागू राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत एस0ई0सी0सी0 डाटा के अनुसार राज्य के 8.57 करोड़ पात्र लाभुकों के लिये सस्ते दर पर राज्य सरकार को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एस0ई0सी0सी0 डाटा के अंतिम प्रकाशन के पश्चात् कुल 8.62 करोड़ पात्र व्यक्तियों की संख्या प्रतिवेदित हुई है जिसके आधार पर 5 लाख पात्र लाभुक इस योजना से वंचित हैं और अपात्र लाभुक को योजना का लाभ मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विपरीत लाभ देने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ 8.62 करोड़ पात्र लाभुकों को नियमित खाद्यान्न उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नगर पंचायत का दर्जा देना

*2403. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत कसबा विधान-सभा क्षेत्र के कोहबारा पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा अभीतक प्राप्त नहीं है, जबकि उक्त पंचायत नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त करने हेतु सभी अर्हताएँ रखता है, यदि हाँ, तो सरकार कोहबारा पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2404. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत हसनगंज प्रखंड में महमदिया गाँव स्थित पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर है तथा उक्त चिकित्सालय में चिकित्सीय संसाधन की कमी के कारण पशुओं का बेहतर चिकित्सा नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय का कबतक नया भवन का निर्माण एवं बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों पर नियुक्ति

*2405. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले दस वर्षों से ऑडिटर के 406 पद सहित मुख्यालय स्तर के 17 पद रिक्त है जिससे पैक्सों के ऑडिट का काम भी पिछले पाँच वर्षों से ठप पड़ गया है, यदि हाँ, तो सरकार ऑडिटर के रिक्त पदों सहित मुख्यालय स्तर के रिक्त पदों को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपकरणों की व्यवस्था

*2406. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड, सुरसंड प्रखंड एवं चरौत प्रखंड अन्तर्गत सरकारी तालाबों को मत्स्य पालन के रूप में विकसित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के तालाबों में मत्स्य पालन एवं पानी भरने के लिये उपकरणों की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क एवं नाल का निर्माण

*2407. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के वार्ड नं0 1 और 2 के बीच सुन्दरपुर बीरा मध्य विद्यालय रामजी महतो के घर से पासवान टोला, रेलवे गुमटी होते हुये विश्वनाथ लाल (फोरलेन) के घर तक की सड़क अत्यन्त जर्जर है एवं नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव की गंभीर स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं नाले का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब्सिडी देना

*2408. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि कार्य के लिये किसानों को दिये जा रहे कृषि यंत्रीकरण योजना से ट्रैक्टर को निकाल दिया गया है जिससे वर्ष 2016-17 में किसी भी किसान को जो सब्सिडी दिया जाता था वह अब नहीं दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

दखल कब्जा दिलाना

*2409. श्री अख्तरूल इसलाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल जितवारपुर में 3 हजार से भी अधिक पर्चाधारी है, जिन्हें अभीतक जमीन का दखल कब्जा नहीं दिलाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वासगीत पर्चा/ जोत पर्चा के बावजूद दखल-दिहानी नहीं दिलाने के कारण पर्चाधारियों को बसने हेतु जमीन की गंभीर समस्या है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्चाधारियों को जमीन का दखल कब्जा दिलाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लम पुनर्वास कराना

*2410. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मार्च, 2016 में स्कीम/ दिशा निर्देश अनुसार पूरे राज्य में स्लम-स्व स्थान पुनर्विकास योजना अन्तर्गत निजी स्वामित्व की भूमियों, राज्य सरकार की भूमियों एवं नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत अधीनस्थ अधिकृत भूमियों पर निजी भागीदारी से स्लम पुनर्वास हेतु विस्तृत प्रतिवेदन वर्ष 2016 में प्राप्त हुआ है, परन्तु योजना अबतक धरातल पर नहीं आया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जलमीनार को पूर्ण करना

*2411. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड स्थित ग्राम-रतवाड़ा अमनौर में जलमीनार का निर्माण कार्य 15 वर्ष पूर्व आरंभ किया गया था जो अभीतक अर्द्धनिर्मित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अर्द्धनिर्मित जलमीनार को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2412. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के धौरी पंचायत में पैक्स द्वारा खुले में अनाजों का भंडारण किया जा रहा है, जबकि उक्त पंचायत के धौरी गाँव में कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर निर्मित गोदाम है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर निर्मित गोदाम में अनाजों का भंडारण करने एवं खुले में अनाज रखने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सालय खोलना

*2413. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड के रामनगर एवं अठनिया एवं कहलगाँव प्रखंड के ग्राम-चनौव में चिकित्सा केन्द्र स्थापित नहीं रहने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के वर्णित ग्राम में एक-एक पशु चिकित्सालय केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वर्दी मुहैया कराना

*2414. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर नगर पंचायत के स्थायी सफाई कर्मियों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के प्रावधान के बावजूद 2010 से वर्दी उपलब्ध नहीं करायी गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को कबतक वर्दी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*2415. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के वसंतपुर प्रखण्ड के वसंतपुर बाजार में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बरसात में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार से कबतक जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कराने का विचार रखेती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*2416. श्री (डॉ0) सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत बिहारशरीफ नगर निगम के टाउन हाई स्कूल चौराहा से कमला-पात होते हुये पटेल कॉलेज के दक्षिण तरफ चहारदीवारी से पंचानवे नदी तक, नीमगंज चौराहा से बंगाली मोड़ होते हुये पंचानवे नदी तक एवं महलपर चौराहा से नागबाबा मंदिर होते हुये पंचानवे नदी तक नाला नहीं होने के कारण सौ एकड़ कृषि योग्य भूमि नाले के पानी से तालाब में परिवर्तित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित नालों का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2417. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर नगर परिषद् द्वारा 390 एल0 ई0 डी0 लैम्प पोस्ट लाइट लगाने हेतु 6,800 रु0 प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब का प्राक्कलन तैयार कर वर्ष 2015 में निविदा निकाली गयी थी, परंतु 6,800 रु0 प्रति एल0 ई0 डी0 लगाने के पहले 4,200 रु0 प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब की खरीद कर विगत छः माह पूर्व लगा दिया गया है, जिसमें 40 प्रतिशत बल्ब बंद है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*2418. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत 2 वर्षों से रिक्त है तथा यह कोचाधामन प्रखंड के आपूर्ति के प्रभार में होने के कारण समय पर खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के लिये स्थायी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बस पड़ाव का निर्माण

*2419. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड मुख्यालय बाजार में बस पड़ाव नहीं रहने के कारण सड़क किनारे वाहनों की लम्बी कतार लग जाने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिंहेश्वर में जमीन चिन्हित कर बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जलापूर्ति करना

*2420. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के बामदह पंचायत के कारीझाल तथा बौंगी पंचायत के डूमर डीहो में पीने के पानी का अभाव विगत दो वर्षों से है, परन्तु अबतक चकाई प्रखंड में हर घर नल योजना का कार्यारम्भ नहीं किये जाने के कारण उक्त समस्या बनी हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार यहाँ कबतक जलापूर्ति कराने विचार रखती है ?

------

नाला निर्माण कराना

*2421. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र में नाला निर्माण हेतु डुडा द्वारा वर्ष 2014-15 में अनुशंसित योजना के तहत आरा के करमन टोला, नवादा, बंधन टोला होते हुये बाईपास तक नाला निर्माण की योजना थी, परन्तु कार्य शुरू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कबतक नाला निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2422. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में मनसाही प्रखण्ड में 2009 से ही डॉ० विकास कुमार एवं प्रेमचन्द कुमार पदस्थापित हैं एवं उनके अतिरिक्त कोई चिकित्सक प्रतिनियुक्त नहीं हैं, उनके अस्पताल में उपलब्ध नहीं रहने के कारण जनता को अपने मवेशियों के इलाज कराने में कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

शौचालय बनवाना

*2423. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चकाई प्राईवेट बस स्टैण्ड एवं सोनो बस स्टैण्ड पर एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त दोनों स्थानों पर शौचालयों को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

गोदाम बनाना

*2424. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत, ठेंगो एवं मझियावा में पैक्स गोदाम नहीं होने से किसानों का धान क्रय करने में और भंडारण में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार ठेंगो पंचायत में कबतक पैक्स गोदाम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क की ढ़लाई

*2425. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खेमनीचक मुख्य सड़क से मंगल चौक तक का सड़क-सह-नाला का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2015 में आरम्भ किया गया था, जिसमें संवेदक द्वारा नाला का निर्माण किया गया, परन्तु सड़क का पी०सी०सी० ढ़लाई अभीतक नहीं किये जाने से आमजन को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क की पी०सी०सी० ढ़लाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*2426. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद्, अररिया बिना बस पड़ाव के भी वाहन से बस पड़ाव शुल्क लेती है जो नियम विरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाइट लगाना

*2427. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के फुलवरिया से काढ़ा गोलाघाट तक स्ट्रीट लाइट नहीं रहने से आमजनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक, स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गुणवत्ता की जाँच कराना

*2428. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के दुलारे पंचायत के ग्राम-दुलारे टोला विसनपुर में जल छाजन योजना के अन्तर्गत लक्ष्मी जटी नाला पर चार पक्का चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा है एवं निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है, साथ ही घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार चेकडैम निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी की आपूर्ति

*2429. श्री अशोक कुमार चौधरी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के काँटी प्रखंड का नगर पंचायत काँटी, माणिकपुर नरोत्तम एवं रामनाथ धमौली पश्चिमी पंचायत काँटी थर्मल के सटे होने के कारण पेयजल की समस्या से जूझ रहा है, थर्मल में पानी की आपूर्ति के कारण इन पंचायतों में जल स्तर काफी नीचे चला गया है, यदि हाँ, तो सरकार सात निश्चय कार्यक्रम के अन्तर्गत कबतक घर-घर नल का जल योजना पंचायतों में कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

'घ'-*2430. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले पाँच सालों से दरभंगा नगर निगम क्षेत्र स्थित भीगो श्मशान घाट के दोनों ओर 30-40 फीट गहरा अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे श्मशान की भूमि कटाव के कारण इसका अस्तित्व संकट में है और लोगों शवों की अंत्येष्टि में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हे, यदि हाँ, तो सरकार उक्त श्मशान के अस्तित्व बचाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

---

नोट- 'घ'- गृह विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

जलापूर्ति करना

*2431. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत कनसुआ के ग्राम-कनसुआ में ग्रामीण जलापूर्ति योजना कार्यरत है, परन्तु उक्त गाँव के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो गाँव के सभी घरों को इस योजना में आच्छादित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

बस एवं टेम्पू पड़ाव बनाना

*2432. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पण्डौल प्रखंड में सकरी बाजार में बस पड़ाव एवं टेम्पू पड़ाव के अभाव में सारी गाड़ियाँ एन०एच० चौराहा पर खड़ी रहती है, जिसके कारण जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सकरी बाजार में बस एवं टेम्पू पड़ाव बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौन्दर्यीकरण करना

*2433. श्री (मो० नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-बघेजी में दहाड़ी बाबा के नाम से एक प्रसिद्ध धर्मस्थल है, जिसमें सालोभर श्रद्धालु दर्शन के लिये जाते हैं परन्तु धर्मस्थल जीर्ण-शीर्ण होने के कारण श्रद्धालुओ को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित धर्मस्थल को कबतक धार्मिक न्यास बोर्ड से जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गैस उपलब्ध कराना

*2434. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र प्रायोजित योजना ''उज्जवला योजना'' के अन्तर्गत 2011 के जनगणना के अनुसार जो परिवार गरीबी रेखा (बी०पी०एल०) से नीचे के हैं, उन्हें मुफ्त एल०पी०जी० गैस कनेक्शन देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि है लखीसराय जिला सहित पूरे बिहार राज्य में बी०पी०एल० सूची में जिन परिवारों का नाम है, उनको उज्जवला योजना के अन्तर्गत एल०पी०जी० गैस कनेक्शन देने में पारदर्शिता नहीं बरतने के साथ-साथ इनमें से सैकड़ों परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केन्द्र द्वारा प्रायोजित उज्ज्वला योजना के तहत सभी बी०पी०एल० परिवारों को मुफ्त एल०पी०जी० गैस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा।

पटना :
दिनांक 23 मार्च, 2017 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 140 - डी०डी०पी०-500